# खेलो इंडिया यूथ गेम्स

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **हरियाणा ने उड़ीसा के साथ छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स** में बालक और बालिका हॉकी स्पर्धा में खिताब जीते हैं।

## मुख्य बिंदु:

- **खेलो इंडिया यूथ गेम्स की शुरुआत वर्ष 2018 में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स** के नाम से हुई थी।
    - इन खेलों का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर **खेल प्रतिभाओं को ढूंढना और उन्हें तैयार करना तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के लिये** प्रशिक्षित करना है।
    - **खेलो इंडिया योजना युवा कार्य और खेल मंत्रालय की प्रमुख केंद्रीय क्षेत्र योजना है।**
- इसके तहत, **खेलो इंडिया यूथ गेम्स (KIYG), खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (KIUG) और खेलो इंडिया विंटर गेम्स** को वार्षिक राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के रूप में स्थापित किया गया था, जहाँ युवाओं ने क्रमशः अपने राज्यों एवं विश्वविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन किया तथा पदक के लिये प्रतिस्पर्धा की।
- **हॉकी फाइनल के परिणाम:**
    - **बालक:** ओडिशा ने मध्य प्रदेश के खिलाफ 4 गोल से फाइनल जीता।
    - **बालिकाएँ:** हरियाणा ने मध्य प्रदेश के खिलाफ 1 गोल से फाइनल जीता।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/khelo-india-youth-games-14